प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड द्वारा किया गया यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित

पंतनगर। 24 मई 2023। विश्वविद्यालय में कुलपति निवास तराई भवन पर आज आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ले.ज. (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह द्वारा यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा महामहिम का स्वागत किया गया। यूपीएससी में अखिल भारतीय रैंक 39 पर रहीं गरिमा नरूला को उनकी माता शारदा नरूला, पिता विपिन नरूला एवं भाई देव नरूला तथा सांगी पटारिया जोकि 305वीं स्थान पर रहीं को उनके माता शीला पटारिया, पिता डा. आर.एन. पटारिया की उपस्थिति में महामहिम द्वारा सम्मानित किया गया। गरिमा नरूला इंग्लिश ऑनर्स में हिन्दू कालेज दिल्ली यूनिवर्सिटी तथा सांगी पटारिया बी.टैक. मैकेनिकल इंजीनियरिंग पंतनगर विश्वविद्यालय की छात्रा रहीं है। महामहिम ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को यूपीएससी की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं देश सेवा के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने भी गरिमा नरूला एवं सांगी पटारिया तथा उनके परिवार को इस गरिमामयी उपलब्धि के लिए बधाई दीं।

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड, ले.ज. (सेवानिवृत्त), गुरमीत सिंह चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित करते।

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड, ले.ज. (सेवानिवृत्त), गुरमीत सिंह चयनित अभ्यर्थियों के माता–पिता के साथ वार्ता करते।

निदेशक संचार